## भैरूजी महाराज वार्षिकोत्सव पर कलश यात्रा निकली

**निवाई।** उपखंड क्षेत्र के गांव लुणेरा में भैरूजी महाराज के एक दिवसीय वार्षिकोत्सव को लेकर विशाल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में 121 महिलाओं ने सिर पर कलश धारण किए। महिलाएं मंगल गीत गाते हुए बैंड-बाजे के साथ गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए देवनारायण भगवान के मंदिर पहुंची, जहां भैरूजी महाराज का मंदिर भी विराजमान है। यहां पवित्र जल से भरे कलश मंदिर में स्थापित किए गए। कलश यात्रा से पहले संन्यास आश्रम लुणेरा में धार्मिक आयोजन हुआ। पंडित रामअवतार शर्मा ने ध्वज पूजन कराया। इसके बाद लुणेरा आश्रम के पीठाधीश्वर संत विवेकानंद गिरी महाराज ने कलश यात्रा को रवाना किया। रामबिलास लांगड़ी व महावीर लांगड़ी ने बताया कि इस दौरान प्रधान कलश की बोली शिवजीलाल गुर्जर ने ली, ध्वज रंगलाल गुर्जर ने धारण किया। हवन कुंड की प्रधान बोली अर्जुन लाल गुर्जर ने ली।

# 'कर्तव्यों के प्रति सजग रहे व निर्वाचन आयोग के निर्देशों की पालना सुनिश्चित करें'

**खैरथल।** नगरीय निकाय आम चुनाव 2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल प्रकाश की उपस्थिति में किशनगढ़ बास, मुंडावर व कोटकासिम, टपूकड़ा के मतदान दलों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के उपरांत मतदान दलों को आवश्यक निर्वाचन सामग्री एवं ईवीएम उपलब्ध करवाकर मतदान दिवस हेतु निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश ने मतदान दलों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी को निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किए जाने वाले कार्यों की स्पष्ट जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारी निर्वाचन संबंधी सभी नियमों, निर्देशों एवं प्रक्रियाओं से भली-भांति अवगत रहें तथा मतदान प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में आयोग के निर्देशों की पालना सुनिश्चित करें।



मतदान दलों को प्रशिक्षण के दौरान संबोधित करते जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश।

कलेक्टर ने मतदान दलों को पूर्ण सजगता एवं निष्पक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान दलों को संबोधित करते हुए कहा कि ईवीएम एवं निर्वाचन

- प्रशिक्षण के उपरांत मतदान दलों को आवश्यक निर्वाचन सामग्री एवं ईवीएम उपलब्ध करवाकर मतदान दिवस हेतु निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया

सामग्री की सुरक्षा एवं देखरेख में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। मतदान दल मतदान केंद्र पर पहुंचने के बाद ईवीएम एवं अन्य सामग्री को सुरक्षित रखें तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न करवाएं। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवपाल जाट ने मुंडावर नगर पालिका के मतदान दलों को निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि मतदान प्रक्रिया में प्रत्येक चरण महत्वपूर्ण है।

सभी कार्मिक निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार कार्य करें और मतदान प्रारंभ होने से पूर्व मॉक पोल सहित सभी आवश्यक प्रक्रियाएं नियमानुसार पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

प्रशिक्षण के दौरान मतदान दलों को ईवीएम संचालन, मॉक पोल, मतदान प्रक्रिया, मतदाता की पहचान, मतदान अभिकर्ताओं की भूमिका, निर्वाचन अभिलेखों के संधारण, ईवीएम एवं निर्वाचन सामग्री की सीलिंग तथा मतदान समाप्ति के बाद की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

## सार-समाचार

### पावटा व लाडाकाबास में देवनारायण भगवान के जयकारे गूंजे



**पावटा।** भगवान श्री देवनारायण जी की पावन पदयात्रा के पावटा व लाडाकाबास गांव पहुंचने पर पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। पदयात्रा के गांव की सीमा में प्रवेश करते ही समस्त ग्रामवासियों ने एकजुट होकर श्रद्धा और उत्साह के साथ पदयात्रियों का गाजे-बाजे एवं पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान जय श्री देवनारायण और देवनारायण भगवान की जय के गगनभेदी जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया। पदयात्रियों के स्वागत के लिए ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने पूरे मार्ग में धार्मिक उल्लास के साथ पदयात्रा का स्वागत किया। ग्रामीणों की ओर से पदयात्रियों के लिए शीतल जल, अल्पाहार एवं विश्राम की समुचित व्यवस्था की गई, जिससे यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को राहत मिली। पदयात्रा के गांव पहुंचने पर महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों में भी विशेष धार्मिक उत्साह नजर आया। ग्रामीणों ने भगवान श्री देवनारायण जी के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए गांव सहित पूरे क्षेत्र में सुख-समृद्धि, खुशहाली, शांति और जनकल्याण की कामना की। पदयात्रा के दौरान उमड़ा जनसैलाब और गूंजते जयकारे लाडाकाबास के धार्मिक माहौल को और भी भक्तिमय बना रहे थे। आस्था, सेवा और स्वागत की इस भावना ने पूरे गांव को देवनारायणमय कर दिया।

### घुमंतू परिवारों के बच्चों को कपड़े बांटे

**निवाई।** समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उसके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प के साथ काटोली में स्थित महाभारत कालीन मां भद्रकाली मंदिर के पीठाधीश्वर श्रीराम महाराज अघोरी शिक्षा, नशामुक्ति, बेटियों के विवाह और जरूरतमंदों की सहायता जैसे कार्यों के साथ-साथ घुमंतू परिवारों के बच्चों को भी शिक्षा से जोडऩे की पहल की है। श्रीराम महाराज अघोरी के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक भरत व संघ के कार्यकर्ता घुमंतू परिवारों के बीच पहुंचकर उनसे संवाद कर उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बच्चों को कपड़े भी वितरित किए गए व उन्हें नियमित रूप से स्कूल जाने तथा पढ़-लिखकर आगे बढऩे के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान परिवारों को भी बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता देने का संदेश दिया गया। श्रीराम महाराज अघोरी ने बताया कि संत और संघ के कार्यकर्ताओं का एक साथ जरूरतमंद परिवारों के बीच पहुंचना सामाजिक समरसता और सेवा की भावना का संदेश देता है।

### नंदोत्सव में महिलाओं की भीड़ उमड़ी

**निवाई।** श्री नामदेव महिला मंडल के तत्वावधान में बड़ा बाजार में स्थित श्री गोविंद देव जी के मंदिर दर्जीयान में नंदोत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। नन्दोत्सव में गायिका चन्द्रकला खंडेलवाल, पार्वती टेलर, नोरती टेलर, पिंकी टेलर, मंजू नामदेव, ललिता टेलर, रेखा टेलर, आकांक्षा टेलर, रेखा फलोदिया, मूली टेलर व लक्षिता टेलर सहित कई महिलाओं ने सांची-सांची कह दे बाबा म्ह थारी कोण लांगू, नैणा नीचा कर ल श्याम न रिझावली कांई, श्रीराम जानकी बैठे है मेरे सीने में, रात श्याम सपने में आए, श्याम चूडी बेचने आया, थाली भरकर ल्याई र खीचडो ऊपर सूं घी की बाटकी, जिमो जी म्हारा श्याम धणी जिमाव बेटी जाट की, कभी राम बनके कभी श्याम बनके चले आना प्रभुजी चले आना, कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आनो है, सालासर वाले बाबा वीर हनुमाना, मेरा श्याम बड़ा रंगीला, हनुमान तुम्हारा क्या कहना व देना हो तो दीजिए जनम-जनम का साथ सहित कई भजनों की प्रस्तुतियां दी। जिस पर श्रद्धालुओं ने जमकर भक्ति नृत्य किया। इस दौरान श्री गोविंद देव जी की झांकी सजाकर महाआरती करके प्रसादी वितरित की गई।

### आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया

**मनोहरपुर।** 10 सितंबर विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर ताला के डॉक्टर रिजवान अहमद ने सभी युवाओं और क्षेत्रवासियों के नाम संदेश जारी किया है। डॉक्टर रिजवान अहमद ने कहा कि विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस हमें यह याद दिलाता है कि जिंदगी बहुत अनमोल है। हर समस्या का समाधान है, लेकिन आत्महत्या किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। उन्होंने कहा कि आज के तनाव भरे जीवन में युवा छोटी-छोटी बातों में निराश होकर गलत कदम उठा लेते हैं। हमें एक दूसरे का सहारा बनना होगा। अगर आपका कोई दोस्त, भाई या पड़ोसी उदास है, तनाव में है तो उससे बात कीजिए, उसका हौसला बढ़ाइए। उन्होंने ने कहा कि जिंदगी में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। हार मानना जिंदगी नहीं है, बल्कि हार कर भी जीतने की कोशिश करना ही जिंदगी है। आत्महत्या रोकथाम के लिए परिवार और समाज को सबसे बड़ी भूमिका निभानी होगी। अंत में उन्होंने अपील की कि किसी भी परेशानी में अकेले न रहें, अपने परिवार और दोस्तों से अपनी बात साझा करें। जिंदगी खूबसूरत है, इसे जी भर कर जियें।

### फुलेरा में श्री सिद्ध गणेश मंदिर में 26वां मेला महोत्सव 14 को

**फुलेरा।** न्यू कॉलोनी स्थित श्री सिद्ध गणेश मंदिर में गणेश जन्म महोत्सव के अवसर पर 26वां विशाल मेला महोत्सव आयोजित किया जाएगा। श्री सिद्ध गणेश मंदिर सेवा समिति की ओर से आयोजित होने वाले तीन दिवसीय कार्यक्रम को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। गणेश चतुर्थी के अवसर पर 14 सितंबर को विशेष पूजा-अर्चना, श्रृंगार एवं धार्मिक कार्यक्रम होंगे। आयोजन समिति के अशोक साबू ने बताया कि 14 सितंबर को ध्वज पूजन एवं मेला ध्वजारोहण सुबह 9.15 बजे, गणपति पूजन एवं शोभायात्रा के बाद समिति पदाधिकारियों व अतिथियों द्वारा आरती दोपहर 12.05 बजे की जाएगी। वहीं 15 सितंबर को पूर्णाहुति, हवन एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम सुबह 10.15 बजे से होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक निर्मल कुमावत होंगे। विशिष्ट अतिथि उद्योगपति गिरीराज कुमार अग्रवाल एवं नगर पालिका फुलेरा के निवर्तमान पार्षद चन्द्रप्रकाश दुलानी होंगे। अध्यक्षता श्री सिद्ध गणेश मंदिर के अध्यक्ष जगदीश सिंह राठौड़ करेंगे। समिति ने श्रद्धालुओं से परिवार एवं इष्ट मित्रों सहित कार्यक्रम में शामिल होकर गणेश जन्म महोत्सव का लाभ उठाने का आ ान किया है। पिछले वर्षों में भी फुलेरा में गणेश चतुर्थी के अवसर पर मंदिर समिति द्वारा विशाल मेला महोत्सव आयोजित किया जाता रहा है।

### भरतपुर में अतिरिक्त रिजर्व ईवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न

**भरतपुर ।** नगरीय निकाय चुनाव-2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी की अध्यक्षता में नगरीय निकाय चुनाव में प्रयुक्त होने वाली अतिरिक्त रिजर्व ईवीएम मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न हुआ। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया एवं ईवीएम के आवंटन से संबंधित जानकारी दी गई। जिले की नगरपालिका उच्चैन, बयाना, वैर एवं नदबई के कुल 120 वार्डों एवं 120 मतदान केंद्रों के लिए अतिरिक्त रिजर्व ईवीएम मशीनों का आवंटन रेंडमाइजेशन के माध्यम से किया गया। निर्वाचन आयोग के निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी प्रक्रिया राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई गई। जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी ने कहा कि 11 सितंबर को होने वाले नगर निकाय चुनाव के लिए पर्याप्त संख्या में ईवीएम मशीनें उपलब्ध कराई जा रही है।

### जुआं खेलते तीन गिरफ्तार

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में चलाये गये अभियान के तहत थाना कोतवाली भँवरलाल वेष्णव के नेतृत्व गठीत थाना टीम एवं जिला स्पेशल दल की टीम के साथ सयुक्त कार्यवाही करते हुये कोतवाली थाना क्षैत्र स्थित इसुजी गारमेन्ट के आगे देवली रोड से जुआं खेलते आरोपी लिवन पुत्र अमित सैनी, संजय सैनी पुत्र पीरुलाल सैनी एवं पप्पु लाल पुत्र खाजुराम माली को गिरफ्तार किया।

## टोंक में खाद्य सुरक्षा टीम ने कैंटीनों से खाद्य नमूने लिए

**टोंक।** खाद्य सुरक्षा आयुक्त के निर्देशन में चलाये जा रहे कमोडिटी वाइज विशेष अभियान के तहत जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं मिलावट की रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा निरीक्षण एवं नमूना संग्रह की कार्यवाही की जा रही है।

इस अभियान के तहत 10 सितंबर को वनस्थली विद्यापीठ में संचालित मुक्तेश्वरी कैंटीन का निरीक्षण कर टीम ने खाद्य पदार्थ रेड चिली सौस फूड कोस्ट ब्रांड का नमूना लिया एवं परिसर में संचालित अन्य कैंटीन फन एंड फ्रोलिक से दही, पनीर और धनिया पाउडर का नमूना लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला में भिजवाया गया। निरीक्षण के दौरान कैंटीन में कई प्रकार की अनियमितता पाए जाने के कारण खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम के अंतर्गत सुधार सूचना इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया गया है।

- निरीक्षण के दौरान कैंटीन में कई प्रकार की अनियमितता पाए जाने के कारण सुधार सूचना इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया

इसी प्रकार अन्य खाद्य सुरक्षा टीम ने अभियान के दौरान सीआईएसएफ कमांडेंट मनजीत कुमार की उपस्थिति में खाद्य पदार्थों के दो अलग-अलग नमूने लिए गए, जिसमें मिर्च पाउडर विनीबा ब्रांड तथा प्रॉपराइटरी फूड चॉको कैम्प का नमूना शामिल है। दोनों नमूनों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं निर्धारित खाद्य सुरक्षा मानकों की जांच के लिए प्रयोगशाला में भिजवाया जाएगा। प्रयोगशाला से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार आवश्यक कायवार्ही की जाएगी।

# कोटपूतली में 200 किलोग्राम दूषित खाद्य सामग्री मौके पर नष्ट करवाई

**कोटपूतली।** खाद्य सुरक्षा विभाग एवं जिला कलेक्टर अपर्णा गुप्ता के निर्देशानुसार जिले में 07 सितंबर से सात दिवसीय खाद्य सुरक्षा जांच अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की जांच टीम द्वारा जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जा रहे हैं तथा खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। अभियान के तहत जांच दल ने गुप्ता मिष्ठान भंडार, बस स्टैंड, बहरोड़ से चाउमीन का नमूना लिया।

प्रतिष्ठान में साफ-सफाई संतोषजनक नहीं पाये जाने पर फर्म को इम्प्रूवमेंट नोटिस जारी किया गया। इसी प्रकार कस्बे में स्थित रिलायंस रिटेल लिमिटेड मार्ट का निरीक्षण कर वहां से बेसन लड्डू एवं कच्ची घानी सरसों तेल के दो नमूने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत लिए गए।



अधिकारियों की जांच टीम ने जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए ।

जांच दल द्वारा केषवाना स्थित फर्म एकमी सॉल्यूशन्स के रेस्टोरेंट एवं किचन का भी निरीक्षण किया गया। यहां औद्योगिक क्षेत्र में स्थित विभिन्न कंपनियों के कर्मचारियों को तैयार भोजन वितरित किया जाता है। निरीक्षण के दौरान रसोई में खाद्य पदार्थों का उचित रखरखाव एवं साफ-सफाई नहीं पाये जाने पर इम्प्रूवमेंट नोटिस जारी किया गया। इसी क्रम में कोटपूतली स्थित महालक्ष्मी मिष्ठान भंडार का निरीक्षण किया गया। यहां साफ-सफाई

- खाद्य पदार्थों का उचित रखरखाव एवं साफ-सफाई नहीं पाये जाने पर इम्प्रूवमेंट नोटिस जारी

का अभाव, परिसर में चूहे, मक्खियां एवं मच्छर पाए जाने तथा खाद्य पदार्थों को खुले में रखने एवं उचित रखरखाव नहीं किए जाने के कारण इम्प्रूवमेंट नोटिस जारी किया गया।

प्रतिष्ठान में रखी दूषित मिठाई, घेवर, चासनी एवं बेसन कुल लगभग 200 किलोग्राम खाद्य सामग्री को जनहित में मौके पर ही नष्ट करवाया गया। खाद्य प्रतिष्ठानों से लिए गए सभी नमूने जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला, जयपुर भेजे गए हैं।

## वीर अब्दुल हमीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

**मनोहरपुर।** 10 सितंबर शहीद दिवस पर पूरा देश परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद को याद कर रहा है। आंधी के कांग्रेसी नेता नदीम पठान ने वीर अब्दुल हमीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

पठान ने कहा कि 10 सितंबर 1965 को भारत-पाक युद्ध के दौरान खेमकरण सेक्टर के असल उत्तर में वीर अब्दुल हमीद ने अपनी जीप पर लगी 106 एमएम रिकॉयललेस गन से अमेरिका में बने अजेय पैटन टैंकों को ध्वस्त कर दिया था। उन्होंने अकेले दम पर 8 पैटन टैंकों को तबाह किया था और पाकिस्तान के नापाक इरादों को नाकाम किया था। गाजीपुर यूपी के धामूपुर गांव में 1 जुलाई 1933 को जन्मे दर्जी के बेटे अब्दुल हमीद 20 साल की उम्र में सेना में भर्ती हुए थे। 1965 के युद्ध में छुट्टी पर घर आए थे लेकिन युद्ध की खबर सुनते ही वापस मोर्चे पर लौट आए और देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दे दिया। पठान ने कहा कि वीर अब्दुल हमीद आज भी देश के युवाओं के लिए प्रेरणा हैं। उनकी वीरता के कारण ही अमेरिका को भी अपने पैटन टैंकों के डिजाइन पर दोबारा सोचना पड़ा था।

# राष्ट्रीय पोषण माह पर गर्भवती महिलाओं को जागरूक किया

**निवाई।** राष्ट्रीय पोषण माह के उपलक्ष्य में बंधन कोनगर संस्था एवं ब्लॉक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सुनारा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर एक पोषण विषय पर आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं संस्था के कार्मिकों को संतुलित पोषण से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान कर

- स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं संस्था के कार्मिकों को संतुलित पोषण से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की

गांव-गांव में गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को जागरूक करना है।

कार्यशाला में संस्था के सहायक प्रबंधक गिरीश तिवारी ने संस्था का परिचय देते हुए बताया कि संस्था द्वारा कोटक महिंद्रा बैंक के वित्तीय सहयोग से निवाई ब्लॉक में ईएनएचएएनसीई परियोजना संचालित की जा रही है। परियोजना का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं व पांच वर्ष से कम उम्र के



राष्ट्रीय पोषण माह पर आयोजित कार्यशाला में महिलाओं को संतुलित पोषण की जानकारी देते हुए।

बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण में सुधार लाना है।

उन्होंने बताया कि पोषण आमुखीकरण के माध्यम से स्वास्थ्य सहायिकाओं एवं कार्मिकों को पोषण के महत्व व मातृ एवं शिशु पोषण के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा है, ताकि वे सितंबर माह में गांव-गांव जाकर महिलाओं को जागरूक कर सकें। आमुखीकरण में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की डॉ. अर्चना वर्मा, सीएचओ राजेश बैरवा एवं एएनएम सपना व कोमल ने आमुखीकरण की सराहना करते हुए शिशु के लिए मां के दूध को सर्वोत्तम आहार बताते हुए स्तनपान के महत्व की जानकारी दी। इस दौरान शिशु रोग विशेषज्ञ द्वारा मातृ एवं शिशु पोषण, गर्भवती महिलाओ में संतुलित पोषण के लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

प्रतिभागियों को पोषण की सही तकनीक, मां एवं बच्चे के स्वास्थ्य में स्तनपान की भूमिका व समुदाय स्तर पर जागरूकता बढ़ाने के प्रभावी तरीकों के बारे में भी जानकारी दी गई। एएनएम सपना द्वारा कुपोषण के दौरान आवश्यक सावधानियों, सही संतुलित पोषण पद्धित तथा मातृ एवं शिशु पोषण से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। आमुखीकरण का संचालन सीता जाट व ममता जाट द्वारा किया गया। कल्पना मीणा ने आभार व्यक्त किया।

## मालपुरा, टोडारायसिंह, डिग्गी और लांबाहरिसिंह में मतदान आज

**टोंक।** नगर निकाय आम चुनाव के द्वितीय चरण के तहत नगर परिषद टोंक एवं नगर पालिका मालपुरा, टोडारायसिंह, डिग्गी और लांबाहरिसिंह में आज 268 मतदान केन्द्रों पर वोट डाले जाएगें। लोकतंत्र के इस उत्सव पर मतदान को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने के लिए गुरुवार को नगर परिषद टोंक के मतदान दल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय टोंक से, नगरपालिका टोडारायसिंह के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टोडारायसिंह से एवं नगरपालिका मालपुरा, लांबाहरिसिंह एवं डिग्गी के मतदान दल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मालपुरा से अपने गन्तव्य स्थल के लिए रवाना हुए। इससे पूर्व रवानगी स्थल पर अंतिम प्रशिक्षण के बाद मतदान कर्मियों को ईवीएम एवं अन्य निर्वाचन सामग्री उपलब्ध कराई गई।

शुक्रवार को मतदान दिवस पर नगर परिषद टोंक एवं नगर पालिका मालपुरा, टोडारायसिंह, डिग्गी और लांबाहरिसिंह में 2 लाख 29 हजार 78 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। इनमें 1 लाख 15 हजार 438 पुरुष, 1 लाख 13 हजार 635 महिला एवं 5 ट्रांसजेंडर मतदाता अपना वोट डालेंगे।

- 2 लाख 29 हजार 78 मतदाता अपने मताधिकार का करेंगे उपयोग

जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) टीना डाबी ने चुनाव कार्य को लोकतंत्र का महत्वपूर्ण दायित्व बताते हुए मतदान कर्मियों को इसे पूरी जिम्मेदारी से निभाने के निर्देश दिए हैं। मतदान कर्मियों के अंतिम प्रशिक्षण सत्र के दौरान उन्होंने कहा कि सभी मतदान दलों का यह कर्तव्य है कि वे पूर्ण रूप से स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में मतदान संपन्न कराएं।

उन्होंने सभी मतदान दलों को समय पर अपने आवंटित मतदान केंद्रों पर पहुँचकर आवश्यक तैयारियाँ पूरी करने के निर्देश दिए, ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहे।

इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी विनोद कुमार मीना, सीइओ राकेश कुमार मीना, रिर्टनिंग अधिकारी सीमा खेतान, डीआईओ सुशील कुमार अग्रवाल, डीएमओ नितेश कुमार जैन मौजूद रहे। मास्टर ट्रेनर विमल कुमार जैन एवं कृष्ण गोपाल शर्मा ने मतदान कर्मियों को अंतिम प्रशिक्षण दिया।

## अलवर में आज 1.35 लाख से ज्यादा मतदाता वोट करेंगे

**अलवर।** अलवर जिले में नगर निकाय चुनाव के दूसरे चरण की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 11 सितंबर को जिले की सात नगर पालिकाओं के 183 वार्डों में मतदान कराया जाएगा। मतदान सुबह 7 बजे शुरू होगा और शाम 6 बजे तक चलेगा। इस चरण में कठूमर, खेरली, थानागाजी, राजगढ़, लक्ष्मणगढ़, गोविंदगढ़-रामबास और बड़ौदामेव नगर पालिका क्षेत्र शामिल हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आर्तिका शुक्ला के अनुसार दूसरे चरण में कुल 1,20,792 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इनमें कठूमर के 10,312, खेरली के 15,803, थानागाजी के 17,123, राजगढ़ के 31,702, लक्ष्मणगढ़ के 14,236, गोविंदगढ़-रामबास के 14,227 और बड़ौदामेव के 11,389 मतदाता शामिल हैं।

मतदान को लेकर संबंधित क्षेत्रों में प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रशिक्षण के बाद मतदान दलों को उनके निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जाएगा। कठूमर में 20, खेरली

- इस चरण में कठूमर, खेरली, थानागाजी, राजगढ़, लक्ष्मणगढ़, गोविंदगढ़-रामबास और बड़ौदामेव नगर पालिका क्षेत्र शामिल हैं

में 23, थानागाजी में 25, राजगढ़ में 41, लक्ष्मणगढ़ में 25, गोविंदगढ़-रामबास में 25 और बड़ौदामेव में 25 मतदान दल लगाए जाएंगे।

खेरली नगर पालिका के वार्ड नंबर 10 और 17 में एक-एक प्रत्याशी होने के कारण दोनों वार्डों में निर्विरोध निर्वाचन हो चुका है। इसके बावजूद अन्य वार्डों में मतदान कराया जाएगा।

इससे पहले बुधवार को अलवर नगर निगम सहित पांच निकायों में पहले चरण का मतदान हुआ। छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही। अलवर नगर निगम के 65 वार्डों में कुल 65.75 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

# चुनाव पर्यवेक्षक ने मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया

**किशनगढ़बास।** नगर निकाय के 11 सितंबर शुक्रवार को होने जा रहे आम चुनाव-2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए चुनाव पर्यवेक्षक अल्पा चौधरी ने गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल प्रकाश के साथ सघन दौरा कर किशनगढ़ बास , मुंडावर और कोटकासिम क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया और 11 सितंबर को होने वाले मतदान की तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान पर्यवेक्षक अल्पा चौधरी ने मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की एक-एक कर जांच की। उन्होंने बिजली, पेयजल, छाया, बैठने की व्यवस्था, साफ-सफाई और विशेषकर दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं के लिए रैंप, व्हीलचेयर सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली।

इसके अलावा उन्होंने मतदान दलों के ठहरने की व्यवस्था, मतदान केंद्रों तक उनके सुरक्षित आवागमन और



मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंची पर्यवेक्षक अल्पा चौधरी व कलेक्टर अतुल प्रकाश सहित अधिकारी

मतदान सामग्री के वितरण व सुरक्षा की व्यवस्थाओं की भी गहन समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मतदान दलों की रवानगी और केंद्रों पर पहुंचने की स्थिति पर रिपोर्ट ली और निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं निर्वाचन आयोग के निर्धारित मापदंडों के अनुरूप समय पर पूरी करने के लिए निर्देश दिए।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी पर्यवेक्षक ने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने कानून-व्यवस्था और संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों पर निगरानी को लेकर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों से फीडबैक लिया।

इस अवसर पर पर्यवेक्षक अल्पा चौधरी ने कहा कि मतदान प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मतदान

- निष्पक्ष और निर्भीक मतदान सम्पन्न कराने के लिए दिशा निर्देश दिए
- उन्होंने बिजली, पेयजल, साफ-सफाई और दिव्यांग बुजुर्ग मतदाताओं के लिए रैंप, व्हीलचेयर सुविधाओं की जानकारी ली

के दिन किसी भी मतदाता को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और सभी पात्र मतदाता निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें, इसके लिए हर स्तर पर पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। निरीक्षण के दौरान संबंधित रिटर्निंग अधिकारी, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी तथा चुनाव से जुड़े अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।